सं.पी-67011/2/2023-आईपीआर-V
भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
(एनआईडी अनुभाग)

<u>रिक्ति परिपत्र</u>

विषय: राष्ट्रीय डिजाइन संस्थानों (एनआईडी) नामत: अहमदाबाद, आंध्र प्रदेश, असम, हरियाणा और मध्यप्रदेश में से प्रत्येक एनआईडी में, लेवल-14 (1,44,200-2,18,200 रुपए) के वेतन मैट्रिक्स और भारत सरकार के समकक्ष रैंक के अधिकारी को स्वीकार्य भत्ते एवं अन्य लाभों के साथ निदेशक के पद हेतु रिक्ति परिपत्र।

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) पांच (05) राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) (अर्थात, एनआईडी अहमदाबाद, एनआईडी आंध्र प्रदेश, एनआईडी असम, एनआईडी हरियाणा और एनआईडी मध्य प्रदेश) में **निदेशक** के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र **अभ्यर्थियों** से निर्धारित प्रारूप में आवेदन **आमंत्रित** करता है।

2. **निदेशक**, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान के पद पर नियुक्ति के लिए पात्रता मानदंड, नियम और शर्तें निम्नलिखित हैं:-

पदों की संख्या	05 (पांच) निम्नलिखित प्रत्येक एनआईडी में एक-एक अर्थात् i. एनआईडी अहमदाबाद, ii. एनआईडी आंध्र प्रदेश, iii. एनआईडी असम, iv. एनआईडी हरियाणा, और v. एनआईडी मध्य प्रदेश।
पे लेवल	पे मैट्रिक्स के लेवल-14 (1,44,200-2,18,200 रुपए) और केंद्र सरकार में समकक्ष रैंक के अधिकारी के लिए स्वीकार्य भत्ते और अन्य परिलाभ।
आयु	अभ्यर्थी की आयु 60 वर्ष से कम होनी चाहिए।
शैक्षणिक अर्हता और अनुभव	(क) इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी या डिजाइन में स्नातकोत्तर; (ख) अभ्यर्थी को शिक्षण या उद्योग या अनुसंधान में कम से कम पंद्रह वर्ष का अनुभव होना चाहिए; और (ग) अभ्यर्थी के पास राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय अनुभव के साथ प्रौद्योगिकी या डिजाइन के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण योगदान का प्रमाण होना चाहिए।
नियुक्ति/पद की शर्तें	(क) निदेशक, पदभार ग्रहण करने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए या 60 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, तक पद पर रहेगा। (ख) निदेशक, वर्ष 2019 में यथासंशोधित राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान

	अधिनियम, 2014 और केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अन्य संबंधित नियमों/अनुदेशों द्वारा शासित होगा।
चयन प्रक्रिया	(i) निदेशक के पद पर नियुक्ति केन्द्र सरकार द्वारा गठित चयन समिति द्वारा की जाएगी। (ii) चयन समिति निदेशक के पद के लिए उपयुक्त व्यक्ति की अनुशंसा करने के लिए अपनी प्रक्रिया का पालन करेगी।
अनर्हता	कोई व्यक्ति- (क). जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह का करार किया है; या (ख). जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी अन्य व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह का करार किया है उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

3. निर्धारित प्रपत्र (अनुबंध-I और II के अनुसार) में सभी सहायक दस्तावेजों के साथ पूर्ण आवेदन पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा (santosh.p@nic.in पर ईमेल द्वारा एक प्रति के साथ), श्री संतोष प्रसाद, अवर सचिव, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, कमरा नंबर 449, उद्योग भवन, नई दिल्ली-110011 को इस प्रकार भेजा जाना चाहिए कि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिनों के भीतर आवेदन प्राप्त हो जाए।

26/5/2023

(संतोष प्रसाद)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23063510

अनुबंध-I

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में निदेशक पद पर आवेदन के लिए प्रपत्र

1.	नाम (स्पष्ट अक्षरों में)	
2.	जन्म तिथि और आयु	
3.	वर्तमान धारित पद और सेवा	
4.	वर्तमान वेतन और वेतनमान	
5.	संपूर्ण डाक पता	
	(i) स्थाई पता	
	(ii) वर्तमान पता	
6.	ई-मेल आईडी	
7.	राष्ट्रीयता	
8.	शैक्षणिक योग्यता	
9.	अनुभव का ब्यौरा	
10.	राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय अनुभव के साथ प्रौद्योगिकी या डिजाइन के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण योगदान का ब्यौरा	
11.	कृपया उल्लेख करें कि क्या आप पद की अपेक्षा को पूरा करते हैं	
12.	कोई अन्य संगत सूचना, यदि कोई है	

दिनांक:

स्थान:

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

नियोक्ता द्वारा भरा जाना है

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री------------------------------, जो कि इस संगठन में -------------पद पर कार्यरत हैं, के द्वारा प्रस्तुत विवरण सही है और उनके खिलाफ सतर्कता का कोई मामला लंबित नहीं है/ न ही चलाए जाने का विचार है।

<u>अनुबंध-II</u>

<u>नियोजक/संवर्ग नियंत्रक अधिकारी द्वारा प्रमाणन</u>

उपर्युक्त आवेदन में आवेदक द्वारा दी गई सूचना/ब्यौरे रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सही व सत्य है। वे रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक अर्हताएं तथा अनुभव रखते हैं। उनका चयन होने पर उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:

i. श्री/श्रीमती के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनिक मामला लंबित/अपेक्षित नहीं है।

ii. उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

iii. पिछले 5 वर्ष की उनकी एसीआर/ एपीसीआर/कार्यनिष्पादन से संबंधित अन्य दस्तावेज संलग्न हैं।

iv. पिछले 10 वर्षों के दौरान उनके विरुद्ध लगाई गई दीर्घ/लघु शास्ति, यदि कोई हो,/कोई शास्ति नहीं होने का प्रमाणपत्र संलग्न है (जैसी भी स्थिति हो)

प्रतिहस्ताक्षरित

(नियोजक/संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी मोहर सहित)